**Series : WXYZ/S**

**SET ~ 1**

रोल नं.
**Roll No.**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code** **67/S/1**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं।
Please check that this question paper contains **39** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

### *सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख**।*

*(iii)* ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

*(iv)* ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*
***विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***
***विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **21** और **22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

## भाग क
## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** कमल, विमल तथा निर्मल एक फर्म में साझेदार हैं तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं। उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 3,00,000, ₹ 2,00,000 तथा ₹ 1,00,000 थी। 8% वार्षिक दर से ब्याज की अपेक्षाकृत उन्हें पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज क्रेडिट कर दिया गया। त्रुटि सुधार के लिए समायोजन प्रविष्टि होगी : *1*

| | विवरण | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | कमल का चालू खाता नाम<br>विमल का चालू खाता<br>निर्मल का चालू खाता | 400 | <br>200<br>200 |
| (B) | कमल का चालू खाता नाम<br>निर्मल का चालू खाता | 400 | <br>400 |
| (C) | विमल का चालू खाता नाम<br>निर्मल का चालू खाता | 400 | <br>400 |
| (D) | विमल का चालू खाता नाम<br>निर्मल का चालू खाता नाम<br>कमल का चालू खाता | 200<br>200 | <br><br>400 |

prepp Your Personal Exams Guide

**General Instructions :**

*Read the following instructions carefully and follow them :*

(i) *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

(ii) *This question paper is divided into* ***two*** *parts —* ***Part A*** *and* ***Part B****.*

(iii) ***Part A*** *is* ***compulsory*** *for all candidates.*

(iv) ***Part B*** *has two options. Candidates have to attempt only* ***one*** *of the given options.*

***Option I : Analysis of Financial Statements***

***Option II : Computerised Accounting***

(v) *Questions number* ***1*** *to* ***16*** *(Part A) and Questions number* ***27*** *to* ***30*** *(Part B) are multiple choice questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

(vi) *Questions number* ***17*** *to* ***20*** *(Part A) and Questions number* ***31*** *and* ***32*** *(Part B) are short answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

(vii) *Questions number* ***21*** *and* ***22*** *(Part A) and Question number* ***33*** *(Part B) are Long answer type-I questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

(viii) *Questions number* ***23*** *to* ***26*** *(Part A) and Question number* ***34*** *(Part B) are Long answer type-II questions. Each question carries* ***6*** *marks.*

(ix) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

## PART A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** Kamal, Vimal and Nirmal are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Their fixed capitals were ₹ 3,00,000, ₹ 2,00,000 and ₹ 1,00,000 respectively. Interest on capital was credited to them @ 10% p.a. instead of 8% p.a. The Adjustment Entry to rectify the error will be : *1*

| | Particulars | Dr. Amount (₹) | Cr. Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | Kamal's Current A/c Dr.<br>To Vimal's Current A/c<br>To Nirmal's Current A/c | 400 | <br>200<br>200 |
| (B) | Kamal's Current A/c Dr.<br>To Nirmal's Current A/c | 400 | <br>400 |
| (C) | Vimal's Current A/c Dr.<br>To Nirmal's Current A/c | 400 | <br>400 |
| (D) | Vimal's Current A/c Dr.<br>Nirmal's Current A/c Dr.<br>To Kamal's Current A/c | 200<br>200 | <br><br>400 |

**2.** दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) तथा कारण (R)।

*अभिकथन (A) :* अस्थिर पूँजी विधि के अन्तर्गत, केवल एक खाता अर्थात् पूँजी खाता ही प्रत्येक साझेदार के लिए तैयार किया जाता है।

*कारण (R) :* साझेदारों के सभी समायोजन जैसे लाभ-हानि का भाग, पूँजी पर ब्याज, आहरण, आहरण पर ब्याज, साझेदारों को वेतन या कमीशन, आदि का लेखा प्रत्यक्ष रूप से साझेदारों के पूँजी खातों में किया जाता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

**3.** (क) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'आरक्षित पूँजी' के सम्बन्ध में सही है ? *1*

(A) यह अयाचित पूँजी का वह भाग है जिसे केवल कम्पनी के समापन की दशा में ही माँगा जाता है।

(B) यह अधिकृत पूँजी का वह भाग है जिसे वास्तव में जनता को अभिदान के लिए निर्गमित किया जाता है।

(C) यह अभिदत्त पूँजी का वह भाग है जिसे अभिदत्त करने के लिए माँगा गया है।

(D) यह याचित पूँजी का वह भाग है जिसे अंशधारियों से वास्तव में प्राप्त किया गया है।

**अथवा**

(ख) 1 अप्रैल, 2023 को, साया लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 7,000, 9% ऋणपत्रों का 10% प्रीमियम पर निर्गमन किया। 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में ऋणपत्रों पर ब्याज की कुल राशि होगी : *1*

(A) ₹ 70,000

(B) ₹ 63,000

(C) ₹ 90,000

(D) ₹ 35,000

**2.** There are two statements, Assertion (A) and Reason (R).

*Assertion (A) :* Under the fluctuating capital method, only one account, i.e., capital account is maintained for each partner.

*Reason (R) :* All the adjustments such as share of profit and loss, interest on capital, drawings, interest on drawings, salary or commission to partners, etc. are recorded directly in the capital accounts of the partners.

Choose the correct alternative from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

**3.** (a) Which of the following statements is true for 'Reserve Capital' ? *1*

(A) It is the portion of the uncalled capital to be called only in the event of winding up of the company.

(B) It is that part of the authorised capital that is actually issued to the public for subscription.

(C) It is a part of the subscribed capital which has been called up to subscribe.

(D) It is that portion of the called up capital which has been actually received from the shareholders.

**OR**

(b) On $1^{st}$ April, 2023, Saya Ltd. issued 7,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%. The total amount of interest on debentures for the year ending $31^{st}$ March, 2024 will be : *1*

(A) ₹ 70,000

(B) ₹ 63,000

(C) ₹ 90,000

(D) ₹ 35,000

**4.** (क) अली तथा बनी एक फर्म में साझेदार थे। उन्होंने फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए चमन को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। चमन पूँजी के अपने भाग के रूप में ₹ 5,00,000 लाया। चमन के प्रवेश पर फर्म की परिसम्पत्तियों का मूल्य ₹ 20,00,000 था तथा इसकी बाह्य देयताएँ ₹ 12,00,000 थीं। चमन के प्रवेश पर फर्म की ख्याति थी : *1*

(A) ₹ 13,00,000 (B) ₹ 20,00,000

(C) ₹ 8,00,000 (D) ₹ 7,00,000

**अथवा**

(ख) मोहित और रोहित एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 को, उन्होंने फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए राधा को प्रवेश दिया। राधा के प्रवेश से पूर्व, मोहित तथा रोहित का स्थिति विवरण ₹ 6,30,000 का फर्नीचर का शेष दर्शा रहा था। राधा के प्रवेश पर, इसका मूल्य 10% से कम पाया गया। राधा के प्रवेश पर उपर्युक्त समायोजन के लिए रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

**रोज़नामचा**

| | विवरण | खाता सं. | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | पुनर्मूल्यांकन खाता नाम<br>फर्नीचर खाते से | | 63,000 | <br>63,000 |
| (B) | फर्नीचर खाता नाम<br>पुनर्मूल्यांकन खाते से | | 70,000 | <br>70,000 |
| (C) | पुनर्मूल्यांकन खाता नाम<br>फर्नीचर खाते से | | 70,000 | <br>70,000 |
| (D) | फर्नीचर खाता नाम<br>पुनर्मूल्यांकन खाते से | | 63,000 | <br>63,000 |

**5.** पी तथा क्यू एक फर्म में साझेदार हैं तथा लाभ-हानि का बराबर-बराबर विभाजन करते हैं। 1 अप्रैल, 2024 को उन्होंने आर को साझेदारी फर्म में प्रवेश दिया। यह निर्णय लिया गया कि ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के 2 वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाएगा। पी तथा क्यू के फर्म की पूँजी ₹ 5,00,000 थी तथा विनियोजित पूँजी पर सामान्य प्रतिफल की दर 10% थी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 2,10,000 था। फर्म की ख्याति का मूल्य था : *1*

(A) ₹ 2,50,000 (B) ₹ 1,40,000

(C) ₹ 1,10,000 (D) ₹ 3,20,000

**4.** (a) Ali and Bani were partners in a firm. They admitted Chaman as a new partner with $\frac{1}{4}$th share in the profits of the firm. Chaman brought ₹ 5,00,000 as his share of capital. The value of assets of the firm on Chaman's admission was ₹ 20,00,000 and outside liabilities were ₹ 12,00,000. The goodwill of the firm on Chaman's admission was : *1*

(A) ₹ 13,00,000 (B) ₹ 20,00,000

(C) ₹ 8,00,000 (D) ₹ 7,00,000

**OR**

(b) Mohit and Rohit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1st April, 2024, they admitted Radha for $\frac{1}{5}$th share in the profits of the firm. Before Radha's admission, the Balance Sheet of Mohit and Rohit showed furniture at ₹ 6,30,000. On admission of Radha, it was found undervalued by 10%. The journal entry for the above adjustment on Radha's admission will be : *1*

**Journal**

| | Particulars | Account No. | Dr. Amount (₹) | Cr. Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | Revaluation A/c Dr.<br>To Furniture A/c | | 63,000 | <br>63,000 |
| (B) | Furniture A/c Dr.<br>To Revaluation A/c | | 70,000 | <br>70,000 |
| (C) | Revaluation A/c Dr.<br>To Furniture A/c | | 70,000 | <br>70,000 |
| (D) | Furniture A/c Dr.<br>To Revaluation A/c | | 63,000 | <br>63,000 |

**5.** P and Q are partners in a firm sharing profits and losses equally. They admitted R into the partnership firm on 1st April, 2024. It was decided to value goodwill at 2 years' purchase of super profits. The capital of the firm of P and Q was ₹ 5,00,000 and the normal rate of return on capital employed was 10%. During the year ended 31st March, 2024, the profit of the firm was ₹ 2,10,000. The value of goodwill of the firm was : *1*

(A) ₹ 2,50,000 (B) ₹ 1,40,000

(C) ₹ 1,10,000 (D) ₹ 3,20,000

**6.** प्रेशियस लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर करना है। प्रेशियस लिमिटेड की पुस्तकों में 'ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि खाते' को डेबिट किया जाएगा : *1*

(A) ₹ 5,60,000 से (B) ₹ 2,40,000 से

(C) ₹ 6,00,000 से (D) ₹ 4,00,000 से

**7.** (क) पवन लिमिटेड ने ₹ 10 प्रति अंश के 1,000 समता अंशों का ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। ₹ 2 प्रति अंश की अन्तिम याचना अभी माँगी जानी थी। बट्टे की अधिकतम राशि, जिस पर इन अंशों को पुन:निर्गमित किया जा सकता है, होगी : *1*

(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 2,000

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 8,000

**अथवा**

(ख) वे ऋणपत्र जो एक निश्चित अवधि की समाप्ति पर एकमुश्त राशि के रूप में या कम्पनी के जीवन के दौरान किश्तों में देय होते हैं, __________ ऋणपत्र कहलाते हैं। *1*

(A) परिवर्तनीय

(B) मोचनीय

(C) सुरक्षित

(D) विशिष्ट कूपन दर

**8.** (क) रीमा, सीमा तथा अतुल एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 से, उन्होंने लाभ-हानि को 3 : 1 : 4 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लिया। लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण, सीमा का अभिलाभ या त्याग होगा : *1*

(A) $\frac{1}{8}$ त्याग (B) $\frac{2}{8}$ त्याग

(C) $\frac{3}{8}$ अभिलाभ (D) $\frac{2}{8}$ अभिलाभ

**अथवा**

(ख) रोहन, पीयूष तथा सुमन एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। पीयूष सेवानिवृत्त हो गया। पीयूष की सेवानिवृत्ति के बाद रोहन तथा सुमन के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात 4 : 3 था। शेष साझेदारों का अभिलाभ अनुपात होगा : *1*

(A) 2 : 1 (B) 3 : 2

(C) 4 : 3 (D) 1 : 1

**6.** Precious Ltd. issued 40,000 10% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 5%, redeemable at a premium of 10%. 'Loss on Issue of Debenture Account' will be debited in the books of Precious Ltd. by : *1*

(A) ₹ 5,60,000 (B) ₹ 2,40,000

(C) ₹ 6,00,000 (D) ₹ 4,00,000

**7.** (a) Pawan Ltd. forfeited 1,000 equity shares of ₹ 10 per share for non-payment of first call of ₹ 2 per share. The final call of ₹ 2 per share was yet to be made. The maximum amount of discount at which these shares can be reissued will be : *1*

(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 2,000

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 8,000

**OR**

(b) The debentures which are payable on the expiry of a specified period either in lump sum or in instalments during the lifetime of the company are known as ____________ debentures. *1*

(A) Convertible

(B) Redeemable

(C) Secured

(D) Specific coupon rate

**8.** (a) Rima, Seema and Atul were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 1. With effect from 1st April, 2024, they decided to share profits and losses in the ratio of 3 : 1 : 4. Due to change in the profit sharing ratio, Seema's gain or sacrifice will be : *1*

(A) Sacrifice $\frac{1}{8}$ (B) Sacrifice $\frac{2}{8}$

(C) Gain $\frac{3}{8}$ (D) Gain $\frac{2}{8}$

**OR**

(b) Rohan, Piyush and Suman were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 2. Piyush retired. The new profit sharing ratio between Rohan and Suman after Piyush's retirement was 4 : 3. The gaining ratio of remaining partners will be : *1*

(A) 2 : 1 (B) 3 : 2

(C) 4 : 3 (D) 1 : 1

9. रंजीत तथा रनविजय ने 1 अप्रैल, 2023 को एक साझेदारी फर्म आरम्भ की। साझेदारी संलेख के अनुसार, आहरण पर ब्याज 10% वार्षिक दर से प्रभारित किया जाना था। रंजीत ने प्रत्येक माह के अन्त में एक निश्चित राशि का आहरण किया। रंजीत के आहरण पर कुल वार्षिक ब्याज ₹ 6,600 था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में रंजीत के आहरण की राशि थी : *1*

(A) ₹ 1,32,000 (B) ₹ 1,44,000

(C) ₹ 1,21,846 (D) ₹ 1,20,000

10. गौरी तथा गौरव की साझेदारी फर्म के विघटन पर, पुस्तकों में भवन ₹ 21,00,000 पर दर्शाया गया था। भवन का $\frac{1}{3}$ भाग गौरव ने 20% बट्टे पर ले लिया तथा शेष को 10% लाभ पर बेच दिया गया। मूल्य जिस पर गौरव द्वारा भवन को लिया गया, वह था : *1*

(A) ₹ 15,40,000 (B) ₹ 21,00,000

(C) ₹ 5,60,000 (D) ₹ 7,00,000

11. माथुर, जैन तथा वर्मा एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। जैन को गारंटी दी गई थी कि लाभ में उसका भाग ₹ 80,000 से कम नहीं होगा। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 1,80,000 था। वर्मा द्वारा वहन की गई कमी की राशि थी : *1*

(A) ₹ 15,000 (B) ₹ 5,000

(C) ₹ 20,000 (D) शून्य

12. प्राचीता लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 80,000 समता अंशों को सममूल्य पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय थी : *1*

आवेदन पर — ₹ 30 प्रति अंश

आबंटन पर — ₹ 20 प्रति अंश

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर — शेष राशि

2,00,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया। आबंटन के समय प्राप्त राशि थी :

(A) ₹ 16,00,000 (B) ₹ 24,00,000

(C) शून्य (D) ₹ 40,00,000

13. अंशों के हरण पर अंश पूँजी खाते को डेबिट किया जाएगा : *1*

(A) हरण किए गए अंशों पर अदत्त राशि से

(B) हरण किए गए अंशों के अंकित मूल्य से

(C) हरण किए गए अंशों पर प्रदत्त राशि से

(D) हरण किए गए अंशों पर याचित राशि से

9. Ranjeet and Ranvijay started a partnership firm on 1st April, 2023. According to the partnership deed, interest on drawings was to be charged @ 10% per annum. Ranjeet withdrew a fixed amount at the end of each month. The total yearly interest on Ranjeet's drawings was ₹ 6,600. The amount of Ranjeet's drawings for the year ended 31st March, 2024 was : *1*

(A) ₹ 1,32,000 (B) ₹ 1,44,000

(C) ₹ 1,21,846 (D) ₹ 1,20,000

10. On the dissolution of the partnership firm of Gauri and Gaurav, Building appeared in the books at ₹ 21,00,000. One-third of the Building was taken by Gaurav at 20% discount and the remaining was sold at 10% profit. The value at which the Building was taken over by Gaurav was : *1*

(A) ₹ 15,40,000 (B) ₹ 21,00,000

(C) ₹ 5,60,000 (D) ₹ 7,00,000

11. Mathur, Jain and Verma were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Jain was guaranteed that his share of profit will not be less than ₹ 80,000. The firm's profit for the year ended 31st March, 2024 was ₹ 1,80,000. The amount of deficiency borne by Verma was : *1*

(A) ₹ 15,000 (B) ₹ 5,000

(C) ₹ 20,000 (D) Nil

12. Parachita Ltd. invited applications for issuing 80,000 equity shares of ₹ 100 each at par. The amount was payable as under : *1*

On Application — ₹ 30 per share

On Allotment — ₹ 20 per share

On first and final call — Balance amount

Applications were received for 2,00,000 equity shares. Allotment was made to all applicants on pro-rata basis. The amount received at the time of allotment was :

(A) ₹ 16,00,000 (B) ₹ 24,00,000

(C) Nil (D) ₹ 40,00,000

13. At the time of forfeiture of shares, Share Capital Account will be debited with : *1*

(A) Unpaid amount on forfeited shares

(B) Face value of shares forfeited

(C) Paid up amount on forfeited shares

(D) Called up amount on forfeited shares

www.prepp.in

**14.** दिव्या तथा सौरभ एक फर्म में साझेदार थे। 1 अक्टूबर, 2023 को, सौरभ ने फर्म को ₹ 5,00,000 का ऋण दिया। उनका कोई साझेदारी संलेख नहीं था। 31 मार्च, 2024 को, सौरभ ऋण पर ब्याज के रूप में निम्नलिखित राशि प्राप्त करने का हकदार था : *1*

(A) ₹ 25,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 15,000 (D) शून्य

**15.** मानव तथा आदी एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। रॉय को फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए प्रवेश दिया गया। रॉय के प्रवेश के समय, फर्म के स्थिति विवरण में ₹ 4,00,000 का कामगार क्षतिपूर्ति संचय दर्शाया गया था। कामगार क्षतिपूर्ति खाते पर ₹ 4,40,000 के दावे का निर्धारण किया गया। संचय से दावे की आधिक्य राशि को डेबिट किया जाएगा : *1*

(A) वसूली खाते में

(B) पुनर्मूल्यांकन खाते में

(C) रॉय के पूँजी खाते में

(D) बैंक खाते में

**16.** (क) ए, बी तथा सी एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 को, डी को फर्म में एक साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया। नया लाभ विभाजन अनुपात 2 : 2 : 1 : 1 था। ए का त्याग भाग था : *1*

(A) $\frac{1}{6}$ (B) शून्य

(C) $\frac{3}{6}$ (D) $\frac{2}{6}$

**अथवा**

(ख) आन्या तथा सान्या एक फर्म में साझेदार थीं तथा 5 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। उन्होंने फर्म के लाभों में $\frac{3}{7}$ भाग के लिए वान्या को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। उसने $\frac{2}{7}$ भाग का अधिग्रहण आन्या से तथा $\frac{1}{7}$ भाग का सान्या से किया। आन्या, सान्या तथा वान्या का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 1 : 3 : 3 (B) 5 : 2 : 3

(C) 3 : 1 : 3 (D) 5 : 2 : 1

Prepp
Your Personal Exams Guide

**14.** Divya and Saurabh are partners in a firm. On 1st October, 2023, Saurabh advanced a loan of ₹ 5,00,000 to the firm. There is no partnership deed. On 31st March, 2024, Saurabh was entitled to get the following amount as interest on loan : *1*

(A) ₹ 25,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 15,000 (D) Nil

**15.** Manav and Adi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. Roy was admitted with $\frac{1}{5}$th share in the profits of the firm. At the time of Roy's admission, Workmen's Compensation Reserve appeared in the Balance Sheet of the firm at ₹ 4,00,000. The claim on account of workmen's compensation was determined at ₹ 4,40,000. The excess amount of claim over the reserve will be debited to : *1*

(A) Realisation Account

(B) Revaluation Account

(C) Roy's Capital Account

(D) Bank Account

**16.** (a) A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. On 1st April, 2024, D was admitted as a partner in the firm. The new profit sharing ratio was 2 : 2 : 1 : 1. The sacrificed share of A was : *1*

(A) $\frac{1}{6}$th (B) Nil

(C) $\frac{3}{6}$th (D) $\frac{2}{6}$th

**OR**

(b) Anya and Sanya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 2. They admitted Vanya as a new partner for $\frac{3}{7}$th share in the profits of the firm. She acquired $\frac{2}{7}$th share from Anya and $\frac{1}{7}$th share from Sanya. The new profit sharing ratio of Anya, Sanya and Vanya will be : *1*

(A) 1 : 3 : 3 (B) 5 : 2 : 3

(C) 3 : 1 : 3 (D) 5 : 2 : 1

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** बानू, बंसल तथा बिमल की साझेदारी फर्म के विघटन पर विभिन्न परिसम्पत्तियों (रोकड़ के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में हस्तान्तरित करने के बाद निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *3*

(i) विघटन की तिथि पर फर्म में ₹ 4,80,000 का सामान्य संचय शेष था।

(ii) बानू ने फर्म को ₹ 80,000 का ऋण दिया था जिसका ₹ 78,000 में पूर्ण निपटान कर दिया गया।

(iii) ₹ 17,000 के वसूली व्ययों का भुगतान बंसल द्वारा किया गया।

**18.** (क) निम्नलिखित सूचना से, फर्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए : *3*

(i) अधिलाभों के पूँजीकरण के आधार पर, तथा

(ii) औसत लाभों के पूँजीकरण के आधार पर।

पिछले चार वर्षों का औसत लाभ – ₹ 20,00,000

विनियोजित पूँजी – ₹ 25,00,000

प्रतिफल की सामान्य दर – 20%

व्यवसाय की शुद्ध परिसम्पत्तियाँ – ₹ 25,00,000

**अथवा**

(ख) ए, बी तथा सी एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। उनकी पुस्तकों में ख्याति ₹ 3,00,000 दर्शाई गई थी। 1 अप्रैल, 2024 को, बी फर्म से सेवानिवृत्त हो गया। उस तिथि को, फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 5,40,000 किया गया।

बी के सेवानिवृत्ति होने पर ख्याति के लेखांकन के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**19.** (क) अमन लिमिटेड ने कामिनी लिमिटेड की ₹ 15,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 17,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 30,00,000 के क्रय प्रतिफल पर किया। अमन लिमिटेड ने क्रय प्रतिफल के 40% का भुगतान चैक द्वारा तथा शेष राशि का भुगतान कामिनी लिमिटेड के पक्ष में ₹ 100 प्रत्येक के पूर्ण प्रदत्त समता अंशों को 50% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया।

अमन लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**अथवा**

**17.** Pass necessary journal entries for the following transactions on the dissolution of the partnership firm of Banu, Bansal and Bimal after various assets (other than cash) and external liabilities have been transferred to Realisation Account : *3*

(i) The firm had a balance of ₹ 4,80,000 in General Reserve on the date of dissolution.

(ii) Banu had given a loan of ₹ 80,000 to the firm which was fully settled at ₹ 78,000.

(iii) Realisation expenses of ₹ 17,000 were paid by Bansal.

**18.** (a) From the following information, calculate the value of goodwill of the firm : *3*

(i) On the basis of capitalisation of super profits, and

(ii) On the basis of capitalisation of average profits.

Average profit for the last four years – ₹ 20,00,000

Capital Employed – ₹ 25,00,000

Normal Rate of Return – 20%

Net Assets of the business – ₹ 25,00,000

**OR**

(b) A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3 : 1. Goodwill appeared in their books at ₹ 3,00,000. B retired from the firm on 1$^{st}$ April, 2024. On that date, the goodwill of the firm was valued at ₹ 5,40,000.

Pass the necessary Journal entries in the books of the firm for the treatment of goodwill on B's retirement. *3*

**19.** (a) Aman Ltd. took over the assets of ₹ 15,00,000 and liabilities of ₹ 17,00,000 of Kamini Ltd. for a purchase consideration of ₹ 30,00,000. Aman Ltd. paid 40% of the purchase consideration by cheque and the balance amount by issue of fully paid equity shares of ₹ 100 each at a premium of 50% in favour of Kamini Ltd.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Aman Ltd. *3*

**OR**

(ख) आस्था लिमिटेड ने नाभा लिमिटेड की ₹ 20,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 1,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 18,00,000 के क्रय प्रतिफल पर किया। आस्था लिमिटेड ने क्रय प्रतिफल की आधी राशि का भुगतान एक बैंक ड्राफ्ट द्वारा तथा शेष राशि का भुगतान नाभा लिमिटेड के पक्ष में ₹ 100 प्रत्येक के 12% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया।

आस्था लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**20.** ललित, मधुर तथा नील एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। नील सेवानिवृत्त हो गया और संचयों एवं परिसम्पत्तियों व देयताओं के पुनर्मूल्यांकन के सम्बन्ध में आवश्यक समायोजन करने के बाद उसकी पूँजी ₹ 10,00,000 थी। ललित तथा मधुर नील को उसके दावे के पूर्ण निपटान में ₹ 22,00,000 का भुगतान करने के लिए सहमत थे।

नील को अंतिम भुगतान तथा ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**21.** निम्नलिखित स्थितियों में अर्पिता लिमिटेड की पुस्तकों में 11% ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *4*

(i) ₹ 100 प्रत्येक के 2,000, 11% ऋणपत्रों का 10% प्रीमियम पर निर्गमन, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर किया जाएगा।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 5,000, 11% ऋणपत्रों का 10% बट्टे पर निर्गमन, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर किया जाएगा।

**22.** अदयंत, शीफा तथा रोहन एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 1 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2024 को अदयंत, शीफा तथा रोहन का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | भवन | 4,10,000 |
| अदयंत | 4,00,000 | | विनिवेश | 1,32,500 |
| शीफा | 1,20,000 | | स्टॉक | 17,500 |
| रोहन | 1,80,000 | 7,00,000 | देनदार | 63,000 |
| सामान्य संचय | | 1,20,000 | बैंक में रोकड़ | 1,37,000 |
| देय विपत्र | | 1,40,000 | हस्तस्थ रोकड़ | 3,20,000 |
| लेनदार | | 1,20,000 | | |
| | | 10,80,000 | | 10,80,000 |

(b) Astha Ltd. took over assets of ₹ 20,00,000 and took over liabilities of ₹ 1,00,000 of Nabha Ltd. for a purchase consideration of ₹ 18,00,000. Astha Ltd. paid half of the amount of purchase consideration through a bank draft and the balance amount was settled by issuing 12% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% in favour of Nabha Ltd.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Astha Ltd. *3*

**20.** Lalit, Madhur and Neel were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Neel retired and his capital after making the necessary adjustments on account of reserves and revaluation of assets and liabilities was ₹ 10,00,000. Lalit and Madhur agreed to pay Neel ₹ 22,00,000 in full settlement of his claim.

Pass necessary journal entries for the treatment of goodwill and making final payment to Neel. *3*

**21.** Pass necessary journal entries for the issue of 11% Debentures in the books of Arpita Ltd. in the following cases : *4*

(i) Issued 2,000, 11% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 5%.

(ii) Issued 5,000, 11% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%, redeemable at a premium of 5%.

**22.** Adayant, Shifa and Rohan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1 : 2. Their Balance Sheet as at 31$^{st}$ March, 2024 stood as follows :

**Balance Sheet of Adayant, Shifa and Rohan as at 31$^{st}$ March, 2024**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Building | 4,10,000 |
| Adayant | 4,00,000 | | Investments | 1,32,500 |
| Shifa | 1,20,000 | | Stock | 17,500 |
| Rohan | 1,80,000 | 7,00,000 | Debtors | 63,000 |
| General Reserve | | 1,20,000 | Cash at Bank | 1,37,000 |
| Bills Payable | | 1,40,000 | Cash at Hand | 3,20,000 |
| Creditors | | 1,20,000 | | |
| | | 10,80,000 | | 10,80,000 |

30 जून, 2024 को शीफा की मृत्यु हो गई। साझेदारी संलेख के अनुसार, शीफा के निष्पादक निम्न के हकदार थे :

(i) उसके पूँजी खाते का क्रेडिट शेष।

(ii) पूँजी पर ब्याज, जो ₹ 5,750 था।

(iii) ख्याति में उसका भाग जो ₹ 42,000 था।

(iv) पिछले स्थिति विवरण की तिथि से उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभों में उसका भाग, जिसकी राशि ₹ 76,250 थी।

(v) शीफा के निष्पादकों को देय राशि के आधे का भुगतान तुरंत किया जाएगा तथा शेष राशि का भुगतान दो समान वार्षिक किश्तों में 8% प्रति वर्ष ब्याज सहित किया जाएगा।

शीफा की मृत्यु पर उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *4*

**23.** (क) हीरा लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर — ₹ 3 प्रति अंश

आबंटन पर — ₹ 3 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)

प्रथम एवं अंतिम याचना पर — शेष राशि

1,40,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा आनुपातिक आधार पर सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया गया। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर दिया गया। सभी अंशधारकों ने देय आबंटन राशि का भुगतान कर दिया केवल एक अंशधारी को छोड़कर, जिसे 1,000 अंश आबंटित किए गए थे। इन अंशों का तुरंत हरण कर लिया गया। इन सभी अंशों को, शशि को, ₹ 4 प्रति अंश, ₹ 5 प्रदत्त पर पुन:निर्गमित कर दिया गया। प्रथम एवं अंतिम याचना माँगी नहीं गई थी।

हीरा लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। जहाँ भी आवश्यक हो अदत्त याचना खाता खोलिए। *6*

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित स्थितियों में अंशों के हरण तथा पुन:निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *6*

(i) क्रिशा लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,000 अंशों का हरण कर लिया जो पूर्ण रूप से याचित थे तथा जिन पर केवल ₹ 4,000 प्राप्त हुए थे। हरण किए गए अंशों में से 500 अंशों को ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया।

